**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1638**

**जिसका उत्तर 28 नवम्बर, 2019 को दिया जाना है।**

.....

**बड़े तालाबों हेतु योजना**

**1638. श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आकांक्षी जिलों में बड़े तालाबों के लिए बनाई गई योजना का ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हां, तो इसे कितने राज्यों में कार्यान्वित किया जा रहा है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)**

(क) से (ग) जल संसाधनों के विकास और प्रबंधन से संबंधित निर्माण कार्यों की आयोजना, निधियन, निष्पादन और अनुरक्षण राज्य सरकारों द्वारा उनके स्वयं के संसाधनों और प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है। राज्य सरकारों के प्रयासों को सहायता देने के क्रम में भारत सरकार, विभिन्न स्कीमों और कार्यक्रमों जैसे कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी), जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण और पुनरूद्धार (आरआरआर) स्कीम इत्यादि के माध्यम से जल संसाधनों के सतत विकास और दक्ष प्रबंधन को बढ़ावा देने हेतु तकनीकी और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है।

जल निकायों की आरआरआर स्कीम के तहत 12वीं योजना से 12 राज्यों में पुनरूद्धार के लिए क्लस्टरों में 2219 जल निकायों का कार्य शुरू किया गया है जिनमें से मार्च, 2019 तक 1160 जल निकाय पूरे कर लिए जाने के बारे में सूचित किया गया है। इन जल निकायों के लिए मार्च, 2019 तक 369 करोड़ रूपये की केन्द्रीय सहायता जारी की गई है।

जल निकायों की आरआरआर स्कीम के तहत बनाये जाने वाले 2219 जल निकायों में से 658 जल निकाय 9 राज्यों के 26 ऐस्पिरेशनल जिलों में हैं।

*****